"32. Director Conservation	1	General Central Service Group 'A' Gazetted.	Rs. 1500-60-1800-100-2000.	Selection	Not exceeding 45 years (Relaxable for Govt. servants). Note : The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (other than those in Union territories of the Andaman and Nicobar Islands and Lakshadweep).	Essential : (i) Degree in Civil Engineering or in Architecture of a recognised University or equivalent. (ii) 10 years' experience in actual execution of Civil Works including maintenance of buildings under Government or a Semi-Government Department or in a well established private firm. (Qualifications relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in case of candidates otherwise well qualified; in particular the qualification regarding experience is relaxable in case of candidates belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes for posts reserved for them). Desirable : (i) Master's degree in Civil Engineering or Architecture. (ii) Experience in preservation of ancient structures.

8	9	10	11	12	13
No	2 years	By promotion, failing which by direct recruitment.	Promotion : Superintending Archaeological Engineer and Architect with 5 years' service in the respective grade rendered after appointment thereto on a regular basis.	Group A Departmental Promotion Committee:- 1. Chairman or Member, Union Public Service Commission—Chairman. 2. Secretary or Additional Secretary—Member. 3. Director General, Archaeological Survey of India—Member. 4. Additional Director General, Archaeological Survey of India—Member Secretary.	Consultation with the Union Public Service Commission shall be necessary which making direct recruitment and confirmation of a direct recruit."

[No. 14-2/75 Admn.-I]
M.N. DESHPANDE, Director General & Ex-Officio Jt. Secy.

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय

(शिक्षा विभाग

नई दिल्ली, 31 अगस्त, 1977

सा०का०नि० 1222.—संविधान के अनुच्छेद 309 के उपबन्धो द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति एतद्द्वारा लक्ष्यद्वीप प्रशासन (मछली-उद्योग प्रशिक्षक) भर्ती नियम, 1975 में संशोधन करने के लिये निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों को लक्ष्यद्वीप प्रशासन (मछली-उद्योग प्रशिक्षक) भर्ती (संशोधन) नियम, 1977 कहा जाये ।

(2) ये सरकारी राजपत्र में इनके छपने की तारीख से लागू होंगे।

2. लक्ष्यद्वीप प्रशासन (मछली-उद्योग प्रशिक्षक) भर्ती नियम, 1975 की अनुसूची के कालम 13 की प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित रखा जायेगा, अर्थात्:—

"सीधी भर्ती करते समय, सीधी भर्ती वाले को स्थायी करते समय तथा राज्य सरकार से प्रतिनियुक्ति पर अधिकारी को नियुक्त करते समय संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना।"

[संख्या एच० 11013/2/76-यू०टी०-1]
शारदा राव (श्रीमती), उप-शिक्षा सलाहकार

MINISTRY OF EDUCATION & SOCIAL WELFARE

(Department of Education)

New Delhi, the 31st August, 1977

G.S.R. 1222.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Lakshadweep Administration (Fisheries Instructor) Recruitment Rules, 1975, namely :—

1. (1) These rules may be called the Lakshadweep Administration (Fisheries Instructor) Recruitment (Amendment) Rules, 1977.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Lakshadweep Administration (Fisheries Instructor) Recruitment Rules, 1975, for the entry in column 13, the following shall be substituted, namely :—

"Consultation with the Union Public Service Commission while making direct recruitment, confirmation of a direct recruit and appointing an officer from a State Government on deputation".

[No. H. 11013/2/76-Sch. 6]
SHARDA RAO (MRS.), Dy. Educational Adviser.

नौवहन और परिवहन मंत्रालय

(वाणिज्य पोत परिवहन)

(परिवहन पक्ष)

नई दिल्ली, 27 अगस्त, 1977

सा०का०नि० 1223.—केन्द्रीय सरकार, वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) की धारा 458 की उपधारा (2) के खण्ड (ख) के साथ पठित धारा 289 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, वाणिज्य पोत परिवहन (अग्नि साधित्र) नियम, 1969 में और संशोधन करने के लिये निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम वाणिज्य पोत परिवहन (अग्नि साधित्र) संशोधन नियम, 1977 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. वाणिज्य पोत परिवहन (अग्नि साधित्र) नियम, 1969 में (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है), नियम 3 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जायेगा, अर्थात् :—

"3. पोतों का वर्गीकरण:—इन नियमों के प्रयोजनार्थ पोतों को निम्नलिखित रूप में वर्गीकृत किया जायेगा, अर्थात् :—

वर्ग-I—अन्तर्राष्ट्रीय समुद्रयात्राओं में लगे हुए (वर्ग III पोतों से भिन्न) यात्री पोत,

वर्ग-II—छोटी अन्तर्राष्ट्रीय समुद्रयात्राओं में लगे हुए (वर्ग IV पोतों से भिन्न) यात्री पोत,

वर्ग-III—अन्तर्राष्ट्रीय समुद्रयात्राओं में लगे हुए विशेष व्यापार यात्री पोत,

वर्ग-IV—छोटी अन्तर्राष्ट्रीय समुद्र यात्राओं में लगे हुए विशेष व्यापार यात्री पोत,

वर्ग-V—अन्तर्राष्ट्रीय समुद्र यात्राओं से भिन्न समुद्रयात्राओं में लगे हुए (वर्ग VI और वर्ग VII पोतों से भिन्न) विशेष व्यापार यात्री पोत,

वर्ग-VI—ऐसे भारतीय तटवर्ती व्यापार में समुद्रयात्रा में लगे हुए विशेष व्यापार यात्री पोत, जिसके दौरान वे निकटतम भूमि से 20 मील से अधिक दूरी तक नहीं जाते हैं,

वर्ग-VII—भारत में पत्तनों के मध्य स्वच्छ मौसम में ऐसी समुद्री यात्राओं में लगे हुए विशेष व्यापार यात्री पोत, जिनके दौरान वे निकटस्थ भूमि से 5 मील से अधिक दूरी तक नहीं जाते हैं।

वर्ग-VIII—अन्तर्राष्ट्रीय समुद्रयात्राओं में लगे हुए स्थौरा पोत।

वर्ग-IX—अन्तर्राष्ट्रीय समुद्रयात्राओं से भिन्न समुद्रयात्राओं में लगे हुए (वर्ग X पोतों से भिन्न) स्थौरा पोत।

वर्ग-X—ऐसे भारतीय तटवर्ती व्यापार में लगे हुए स्थौरा पोत (वर्ग IX पोतों से भिन्न पोत), जिसके दौरान वे निकटस्थ भूमि से 20 मील से अधिक दूरी तक नहीं जाते हैं।

वर्ग-XI—भारत में पत्तनों के मध्य स्वच्छ मौसम में ऐसी समुद्रयात्राओं में लगे हुए स्थौरा पोत, जिनके दौरान वे निकटस्थ भूमि से 5 मील से अधिक दूरी तक नहीं जाते हैं।

वर्ग-XII—टग, टेंडर, लांच, लाइटर, निकर्षण पोत, बजरें और हापर जो समुद्र पर जाते हैं।

वर्ग-XIII—वर्ग XIV से भिन्न मत्स्य-ग्रहण जलयान,

वर्ग-XIV—चलत जलयान, जिसमें चलत मत्स्य ग्रहण जलयान सम्मिलित हैं।

वर्ग-XV—क्रीडा नौका।

स्पष्टीकरण—यथास्थिति वर्ग VI या वर्ग X का पोत, केवल इस कारण कि वह अपनी समुद्रयात्रा के दौरान कच्छ, कैम्बे और मन्नार की खाड़ी पार करता है, संबंधित वर्ग का पोत होने से परिविरत नहीं होगा।"

3. उक्त नियमों के नियम 12 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जायेगा, अर्थात् :—

"12. जल-नल, बम्बा, अग्नि रबर नलिका, (हौज)—वर्ग I के हर पोत पर, जब वह मार्ग में हो, उतने जल सेवा नलों, बम्बों और रबर नलिकाओं की व्यवस्था होगी जितने केन्द्रीय सरकार की राय में, कम से कम ऐसा दो अग्नि रबर नलिकाओं के, जो एकही बम्बे से न जुड़ी हों क्षिप्र और साथ-साथ प्रचालन के लिये जल का प्रदाय बनाये रखने के लिये और जल के ऐसे दो शक्तिशाली जेटों से प्रक्षेपण के लिये, जो यात्रियों और कर्मीदल की पहुंच के भीतर आने वाले पोत के किसी भी भाग में पहुंचने में समर्थ हो, पर्याप्त हो।"

4. उक्त नियमों के नियम 14 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जायेगा, अर्थात् :—

"14. फायरमैन उपकरण (आउटफिट) :—वर्ग I के हर पोत पर निम्नलिखित होंगे —

(क) (1) दो फायरमैन उपकरण; और इसके अतिरिक्त,

(2) डेकपर के सभी यात्री स्थानों और सेवा-स्थानों की, जिस डेकपर ऐसे स्थान हों, कुल लम्बाई के हर 80 मीटर या उसके भाग के लिये, या यदि एक से अधिक ऐसे डेक हों तो ऐसे डेकपर, जिस पर ऐसी लंबाइयों का योग सबसे अधिक है, दो फायरमैन उपकरण और दो सेट निजी उपकरण;

(ख) हर फायर मैन-उपकरण के लिये, जिस में स्वयंपूर्ण श्वसन उपकरण भी सम्मिलित है, हर ऐसे साधित्र के लिये एक अतिरिक्त चार्ज;

(ग) दूर-दूर पृथक-पृथक स्थानों पर फायरमैन उपकरण और कर्मचारी उपस्कर के सैट जो हर समय प्रयोग के लिये तैयार हालत में हों तथा कम से कम दो फायरमैन-उपकरण और कर्मचारी उपस्कर का एक सैट, किसी एक स्थान पर।"

5. उक्त नियमों के नियम 16 के पश्चात् निम्नलिखित नियम रखे जायेंगे, अर्थात् :—

"16-क. यात्री और कर्मीदल स्थान:—(1) वर्ग VI के हर पोत में ऐसे साधित्रों की व्यवस्था होगी जिनसे जल के शक्तिशाली जैट की दिशा यात्री और कर्मीदल स्थानों के किसी भी भाग में क्षिप्रता से स्थिर की जा सके।

(2) हर ऐसे पोत पर ऊपरी डेक के ऊपर हर यात्री स्थान में कम से कम एक सुवाह्य द्रव्य अग्नि शामक की तथा उस डेक के नीचे प्रत्येक कर्मीदल स्थान और यात्री स्थान पर कम से कम दो अग्नि शामकों की की व्यवस्था होगी।

(3) प्रत्येक गैली स्थान (रसोईघर) पर एक सुवाह्य अग्नि शामक की व्यवस्था होगी।

16-ख. स्थौरा स्थान और भंडार-कक्ष—वर्ग VI के हर पोत में ऐसे साधित्रों की व्यवस्था होगी जिनसे जल के शक्तिशाली जैट की दिशा स्थौरा स्थान या भंडार-कक्ष के, जब वह खाली हो, किसी भाग मे क्षिप्रता से स्थिर की जा सके।

16-ग. मशीनरी स्थान, आदि :—(1) वर्ग VI के हर पोत में ऐसे साधित्रों की व्यवस्था होगी जिनसे जल के शक्तिशाली जेट की दिशा बंकर स्थान, बायलर कक्ष और इंजन कक्ष के किसी भाग में क्षिप्रता से स्थिर की जा सके।

(2) वर्ग VI के ऐसे हर पोत में, जिसमें तेल ज्वलित बायलर या अन्तर्दहन नोदन मशीनरी लगी है, मशीनरी स्थान में कम से कम एक अग्नि शमन बम्बा और एक अग्नि शमन रबर नलिका की ऐसी टोटी के साथ व्यवस्था होगी जो तेल पर जल-फुहार करने के लिये उपयुक्त हो।

16-घ. मुख्य या सहायक तेल ज्वलित बायलरों या तेल ईंधन यूनिटों से युक्त पोतों के मशीनरी स्थान :—(1) वर्ग 6 के ऐसे हर पोत जिसमें मुख्य या सहायक तेल ज्वलित बायलर या तेल ईंधन यूनिट लगी हो, ऐसे स्थान पर, जहां ये चीजें हों, एक पात्र की व्यवस्था की जायेगी जिसमें बालू या अन्य सूखी सामग्री, जो तेल-अग्नि को बुझाने के लिये उपयुक्त हो, पर्याप्त मात्रा में रखी होंगी, पात्र में रखी सामग्री के वितरण के लिये बेलचे रखे जायेंगे।

(2) हर ऐसे पोत के बायलर कक्ष में और उसके हरेक मशीनरी-स्थान में, जिसमें किसी तेल ईंधन यूनिट का कोई भाग हो, दो ऐसे सुवाह्य अग्नि शामकों की व्यवस्था की जायेगी जो झाग, या तेल-अग्नि बुझाने के लिये उपयुक्त कोई अन्य द्रव्य निकाल सकने में समर्थ हो।

(3) एक नियत अग्निशमन संस्थापन होगा जो नियम 19 के उपबन्धों का अनुपालन करेगा।

(4) हर ऐसे पोत की मशीनरी-स्थान में कम से कम 45 लिटरों की क्षमता वाले दो झाग अग्निशामकों या समतुल्य कार्बन डाइआक्साइड शामकों की व्यवस्था की जायेगी।

16ङ—इंजन कक्ष मोटर पोत :—(1) अन्तर्दहन मशीनरी द्वारा नोदित वर्ग VI के हर पोत के हरेक मशीनरी कक्ष में कम से कम निम्नलिखित की व्यवस्था की जायेगी।

(क) 45 लिटरों की क्षमता वाले दो झाग अग्नि शामक या समतुल्य क्षमता वाली एक कार्बन डाइआक्साइड अग्नि शामक।

(ख) उक्त मशीनरी के प्रत्येक 1000 ब्रेक अश्वशक्ति या उसके भाग के लिये एक सुवाह्य झाग अग्नि शामक, किन्तु प्रत्येक दशा में ऐसे कम से कम दो शामक,

परन्तु किसी पोत में ऐसे छह अग्नि शामकों से अधिक की आवश्यकता नहीं होगी ।

(2) (क) 1000 ब्रेक अश्वशक्ति और उससे अधिक की अन्तर्दहन मशीनरी वाले हर मशीनरी-स्थान पर एक नियत अग्नि शामक की व्यवस्था की जायेगी जो नियम 39 के उपबन्धों का अनुपालन करेगा ।

(ख) 1000 ब्रेक अश्वशक्ति के नीचे के अन्तर्दहन मशीनरी लगे पोत पर, 45 मीटर क्षमता वाले एक झाग शामक या समतुल्य कार्बन डाइ-आक्साइड शामक, की व्यवस्था की जायेगी ।

16-च. अग्नि-पम्प : (1) वर्ग VI के हर पोत में शक्ति द्वारा चालित कम से कम एक अग्नि पम्प की व्यवस्था की जायेगी ।

(2) वर्ग VI के ऐसे पोत में, जिसमें तेल ज्वलित मुख्य या सहायक बायलर या अन्तर्दहन नोदन मशीनरी लगी हो, एक अतिरिक्त अग्नि पम्प की व्यवस्था की जायेगी, जिसके लिये यह अपेक्षित नहीं होगा कि वह शक्ति चालित हो, और जो स्थायी रूप से नल से संयोजित होगा । ऐसा पम्प और उसके शक्ति का स्रोत, यदि कोई हो, उसी कक्ष में स्थित नहीं होंगे जिसमें उप-नियम (1) द्वारा अपेक्षित पम्प स्थित है, यदि इस उपनियम के अनुपालन में किसी हैंड पम्प की व्यवस्था की गई है, तो वह पूर्ण प्रकार की होगी, अतिरिक्त पम्प के साथ प्रयोग किये जाने के लिये एक समुद्र जल चूषण वाल्व की व्यवस्था की जायेगी और उसे मशीनरी स्थान के बाहर से नियंत्रित किया जा सकेगा ।

16-छ. अन्तर्राष्ट्रीय तट संयोजन—(1) 1000 टन या उससे अधिक के वर्ग VI के हर पोत पर—

(क) प्रथम अनुसूची की अपेक्षाओं का अनुपालन करने वाले एक अन्तर्राष्ट्रीय तट संयोजन ।

पोत के दोनों पार्श्वों में ऐसे संयोजन के प्रयोग के लिये आवश्यक सुविधाओं ;

की व्यवस्था की जायेगी ।

16-ज, फायर मैन उपकरण—1000 टन या उससे अधिक के वर्ग VI के हर पोत पर कम से कम दो फायरमैन उपकरण होंगे, 500 टन या उससे अधिक, लेकिन 1000 टन से कम के हर पोत पर ऐसा एक उपस्कर होगा ।

16-झ—वर्ग VII के पोत : 500 टन या उससे अधिक के वर्ग VII के पोत नियम 16 क से 16 ज 'दोनों को सम्मिलित करते हुए' की अपेक्षाओं का अनुपालन वैसे ही करेंगे जैसे वे वर्ग VI के पोतों को लागू होते हैं ।

16-ञ 500 टन से कम के वर्ग VI के पोत : (1) 500 टन से कम के वर्ग VII के हर पोत पर शक्ति चालित स्वतन्त्र पम्प और समुद्री जल चूषण से संयोजित स्थायी हैंड पम्प, 8 मि०मी० व्यास की टोटी वाली रबर नलिका की जो कम से कम 6 मीटर जल का जेट उत्पन्न करने में समर्थ हो और जिसकी दिशा पोत के किसी भाग पर भाग स्थिर की जा सके, और जल फुहार के लिये टोटी की भी व्यवस्था की जायेगी, हैंड पम्प मशीनरी-स्थानों के बाहर स्थित होगा ।

(2) 500 टन से कम के वर्ग VII के हर पोत पर ऊपरी डेक के ऊपर हरेक यात्री स्थान पर कम से कम एक सुवाह्य अग्नि शामक की और ऊपरी डेक के नीचे के हर यात्री स्थान और कर्मीदल स्थान पर कम से कम दो ऐसे शामकों की व्यवस्था की जायेगी । प्रत्येक गैली स्थान (रसोई घर) में एक सुवाह्य अग्नि शामक रहेगा ।

(3)(i) अन्तर्दहन इंजन द्वारा नोदित 500 टन से कम के वर्ग VII के हर पोत पर मशीनरी स्थान पर झाग निकालने वाला 45 लीटर का का एक शामक और उस दिशा पर स्थिर करने के लिये उचित रबर नलिका या समतुल्य कार्बन डाइआक्साइड शामक की व्यवस्था की जायेगी ।

(ii) अन्तर्दहन मशीनरी वाले प्रत्येक मशीनरी-स्थान में कम से कम दो सुवाह्य झाग अग्नि शामकों की व्यवस्था की जायेगी ।

(iii) तेल पर जल की फुहार करने के लिये उपयुक्त, रबर नलिका और टोटी सहित, बम्बे की व्यवस्था की जायेगी ।

(iv) बालू या सूखे पदार्थ की पर्याप्त मात्रा से भरे एक पात्र और एक बेलचे की व्यवस्था की जायेगी ।

6. उक्त नियमों के नियम 21 के उपनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उप-नियम रखा जायेगा, अर्थात् :—

"(1)(क) वर्ग VIII के हर पोत पर पोत की रजिस्ट्री कृत लंबाई के हर 30 मीटर के लिये एक फायरमैन उपकरण रहेगा जो नियम 54 और चतुर्थ अनुसूची के उपबन्धों का अनुपालन करेगा ।

(ख) ऐसे तीन से अधिक उपकरणों को ले जाने की आवश्यकता नहीं है ।

(ग) असाधारण विशेषताओं वाले पोतों, टैंकरों और रासायनिक वाहकों पर अतिरिक्त उपकरणों की आवश्यकता होगी ।"

7. उक्त नियमों के नियम 26 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अन्तःस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"26-क—500 टन से कम के वर्ग VIII के पोत में स्थोरा स्थान :—

(1) 500 टन से कम के वर्ग viii के हर पोत में ऐसे साधनों की व्यवस्था की जायेगी जिससे कि कम से कम एक जल-जेट पोत के यात्री और कर्मीदल की सामान्य पहुंच में आने वाले भाग में, और किसी भंडार कक्ष तथा स्थोरा स्थानों के किसी भाग में, जब पोत खाली हो तब, पहुंच सके ।

(2) हर पोत में शक्ति चालित कम से कम एक अग्नि-पम्प की व्यवस्था की जायेगी जिससे किसी अग्नि-शामक बम्बे, रबर नलिका और टोटी से, जिस की व्यवस्था पोत पर की गई हो, कम से कम एक जल-जेट का इस्तेमाल हो सके ।

(3) हर पोत में तेल पर पानी की फुहार करने के लिये मशीनरी स्थान में एक अग्निशामक बम्बे, रबर नलिका और टोटी की व्यवस्था की जायेगी ।

(4) ऐसे हर पोत में, जिसमें तेल ज्वलित बायलर या अन्तर्दहन इंजन लगे हों, उस स्थान से बाहर जहां बायलर या मशीनरी हो किसी स्थान पर एक अतिरिक्त अग्निशामक पम्प की व्यवस्था की जायेगी जिसका अपना निजी शक्ति स्रोत और समुद्र सम्बद्ध होगा । उक्त पम्प शक्ति चालित या हस्त प्रचालित होगा । जहां यह हस्त प्रचालित हो वहां उसे 12 मीटर से अन्यून प्रक्षेप वाले शक्तिशाली जल-जेट प्रक्षेपण में सक्षम होना चाहिये और वह ऐसा हो कि उसकी दिशा पोत के किसी भी भाग पर स्थिर की जा सके ।

(5) ऐसे हर पोत में कम से कम 3 सुवाह्य अग्नि शामकों की व्यवस्था की जायेगी जिन्हें इस प्रकार रखा जायेगा कि वे आवास और सेवा (सर्विस) स्थानों में प्रयोग के लिये तुरन्त उपलब्ध हो सकें । ऐसा एक शामक गैली (रसोई घर) में लगाया जायेगा ।

(6) हर पोत में—

(क) प्रत्येक बायलर कक्ष में और ऐसे प्रत्येक स्थान पर, जिसमें तेल ईंधन संस्थापन का कोई भाग हो, तेल-अग्नि बुझाने के लिये सक्षम कम से कम दो सुवाह्य अग्नि-शामकों की;

(ख) प्रत्येक आग जलाने वाले स्थान में, बालू या तेल-अग्नि बुझाने के लिये उपयुक्त किसी अन्य सूखी सामग्री से भरे एक पात्र की, और उसके साथ उसके वितरण के लिये एक बेलचे की;

(ग) प्रत्येक ऐसे स्थान में, जहां कोई तेल ज्वलित बायलर, तेल ईंधन निःस्थायी टंकी या तेल ईंधन यूनिट हो, कम से कम 45 लीटर क्षमता के एक शामक की या समतुल्य कार्बन डाइआक्साइड शामक की;

(घ) अन्तर्दहन इंजनों द्वारा नोदित हर पोत, मे, मशीनरी स्थानों मे झाग निकालने वाले 45 लीटर के कम से कम एक शामक की और इसकी दिशा स्थिर करने के लिये एक उपयुक्त रबर नलिका की या समतुल्य कार्बन डाइआक्साइड शामक की;

(ङ) अन्तर्दहन इंजनों से नोदित हर पोत, से, मशीनरी स्थान में, हर 100 ब्रेक अश्वशक्ति (75 कि० वा०) या उसके, भाग के लिये तेल-अग्नि बुझाने के लिये एक उपयुक्त सुवाह्य अग्नि शामक की;

(च) हर पोत में कम से कम एक फायरमैन उपकरण की, जिसमें वायुनली प्रकार का एक श्वसन उपकरण होगा;

व्यवस्था की जायेगी"

8. उक्त नियमों के नियम 27 से 31 तक (जिसमें दोनों सम्मिलित हैं) के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखे जायेंगे, अर्थात् :—

"27 वर्ग IX के पोत—3000 टन और उससे अधिक के वर्ग IX के पोत—नियम 17 से 26 तक (जिसमें दोनों सम्मिलित है) 3000 टन और उससे अधिक के वर्ग IX के पोतों को वैसे ही लागू होंगे जैसे वे 500 टन और उससे अधिक के वर्ग VIII के पोतों को लागू होते हैं।

28. 1000 टन और उससे अधिक के किन्तु 3000 टन से कम के वर्ग IX के पोत—(1)(क) ये नियम 1000 टन और उससे अधिक के किन्तु 3000 टन से कम के वर्ग IX के पोतों को लागू होंगे।

(ख) हर ऐसे पोत में ऐसे साधित्रों की व्यवस्था की जायेगी, जिससे कि कम से कम 2 शक्तिशाली जल-जेट पोत के यात्री और कर्मीदल की सामान्य पहुंच में आने वाले भाग और किसी और भंडारकक्ष तथा, किसी स्थोरा स्थान तक, जब पोत खाली हो, तब पहुंच सके। उस पर कम से कम तीन अग्नि रबर नलिकाओं और टोटियों की व्यवस्था की जायेगी।

(ग) हर ऐसे पोत में शक्ति चालित कम से कम दो अग्नि-शामक पम्पों की व्यवस्था की जायेगी, हर ऐसा पम्प किसी अग्नि-शामक बम्बे, रबर नलिका और टोटी से कम से कम एक जल-जेट का इस्तेमाल करने में समर्थ होना चाहिये।

(घ) हर पोत में, जिसमें किसी कक्ष में अग्नि के कारण, उप-पैरा (ख) में दिये गये अग्नि-शामक पम्प बेकार हो सकते हों, कक्ष के बाहर एक ऐसे अतिरिक्त पम्प की व्यवस्था की जायेगी जिसका अपना निजी शक्ति स्रोत और सागर संबंधन हो।

(ङ) हर पोत में पर्याप्त संख्या में सुवाह्य अग्नि-शामकों की व्यवस्था की जायेगी जिससे एक यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसे अग्नि-शामकों में से कम से कम एक, आवास और ऐसा सेवा (सर्विस) स्थानों में प्रयोग के लिये तुरन्त उपलब्ध रहे, ऐसे शामकों की संख्या पांच से कम नहीं होगी। प्रत्येक गैली (रसोईघर) या भोजन पकाने के स्थान के प्रवेश द्वार पर कम से कम एक अग्नि-शामक की व्यवस्था की जायेगी।

(च) हर पोत पर दो फायरमैन उपकरणों की व्यवस्था की जायेगी जो नियम 44 के उपबन्धों का अनुपालन करेंगे, किसी ऐसे पोत पर रखे गये ऐसे कम से कम एक उपकरण में वायु नली प्रकार का एक श्वसन उपकरण भी होगा।

(2)(क) ऐसे हर पोत में, जिसमें मुख्य या सहायक तेल ज्वलित बायलर या अन्तर्दहन प्रकार की मशीनरी लगी हो मशीनरी स्थान में एक बम्बे और रबर नलिका तथा तेल पर जल की फुहार करने के लिये उपयुक्त एक टोटी की व्यवस्था की जायेगी।

(ख) ऐसे हर पोत में, जिसमें मुख्य या सहायक तेल ज्वलित बायलर लगे हों प्रत्येक बायलर कक्ष में एक पात्र की, जिसमें पर्याप्त मात्रा में बालू या तेल अग्नि बुझाने के लिये उपयुक्त अन्य सूखी सामग्री होगी और उन पदार्थों का वितरण करने के लिये एक बेलचे की व्यवस्था की जायेगी। विकल्पतः उसके स्थान पर एक सुवाह्य अग्नि-शामक लगाया जा सकता है।

(ग) अग्नि जलाने के ऐसे प्रत्येक स्थान और कक्ष में, जिसमें पूर्ण तेल ईंधन संस्थापन या उसका भाग हो, कम से कम दो ऐसे सुवाह्य अग्नि-शामकों की व्यवस्था की जायेगी जो तेल अग्नि को बुझाने के लिये उपयुक्त झाग या कोई द्रव्य निकालने में सक्षम हो। इसके अतिरिक्त प्रत्येक बायलर कक्ष में कम से कम 45 लीटर क्षमता का झाग-शामक या उसके समतुल्य कार्बन डाइआक्साइड शामक की व्यवस्था की जायेगी, जहां बायलरों में बर्नरों की संख्या पांच से कम हो वहां, ऊपरी शामक के स्थान पर, बायलर में लगे हर बर्नर के लिये एक सौ लीटर शामक की दर से, सुवाह्य शामक रखे जायेंगे।

(घ) ऐसे हर पोत पर, जिसमें मुख्य या सहायक तेल ज्वलित बायलर या अन्तर्दहन मशीनरी लगी हो मशीनरी स्थान में एक नियम अग्नि-शामक से स्थापन की व्यवस्था की जायेगी जो नियम 40, 41 और 42 के उपबन्धों का अनुपालन करेगा।

(ङ) हर पोत में, ऐसे किसी भी स्थान पर, जहां अन्तर्दहन प्रकार की ऐसी मशीनरी लगी हो जिस की कुल शक्ति 500 अश्व-शक्ति से कम न हो, कम से कम 45 लीटर क्षमता के झाग-शामक या उसके समतुल्य कार्बन डाइआक्साइड शामक की व्यवस्था की जाएगी।

(च) हर पोत में मशीनरी-स्थान में ऐसी मशीनरी के प्रत्येक 150 ब्रेक अश्वशक्ति या उसके एक भाग के लिए तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त एक सुवाह्य अग्नि-शामक की व्यवस्था की जाएगी, परन्तु ऐसे किसी स्थान पर 3 से अन्यून और 6 से अनधिक ऐसे शामक नहीं लगाये जाएंगे।

29. 500 टन और उससे अधिक किन्तु 1000 टन से कम के वर्ग IX के पोत—(1) यह नियम 500 टन और उससे अधिक किन्तु 1000 टन से कम के पोतों को लागू होता है।

(2) (क) ऐसे हर पोत में ऐसे साधित्रों की व्यवस्था की जाएगी जिनसे कम से कम एक शक्तिशाली जल-जेट की दिशा पोत में कहीं भी क्षिप्रता से स्थिर की जा सके।

(ख) हर पोत में शक्ति द्वारा चालित कम से कम दो अग्नि पम्प होंगे जिनमें से एक मुख्य इंजन द्वारा चालित होगा। हर ऐसा पम्प किसी अग्नि-शामक बम्बे, रबर नलिका और टोटी से कम से कम एक जल-जेट का इस्तेमाल करने में समर्थ होना चाहिए।

(ग) हर पोत में कम से कम चार सुवाह्य अग्नि शामकों की ऐसे स्थान पर व्यवस्था की जाएगी जिससे कि वे आवास और सेवा (सर्विस स्थानों

में प्रयोग के लिए तुरन्त उपलब्ध हो सके। प्रत्येक गैली (रसोईघर) में कम से कम एक अग्नि-शामक लगा होगा।

(घ) हर पोत पर एक फायरमैन उपकरण की व्यवस्था की जाएगी जिसके साथ वायु नली प्रकार के एक श्वसन उपकरण भी होगा।

(3) (क) ऐसे हर पोत में, जिसमें मुख्य या सहायक तेल ज्वलित बायलर या अन्तर्दहन नोदन मशीनरी लगी हो मशीनरी स्थान में एक पम्प और रबर नलिका तथा तेल पर जल फुहार करने के लिए उपयुक्त एक टोटी की व्यवस्था की जाएगी।

(ख) हर पोत में ऐसे किसी स्थान के संरक्षण के लिए, जिसमें कोई तेल ज्वलित बायलर या तेल ईंधन यूनिट रखी हो, एक नियत अग्नि बुझाने के संस्थापन की व्यवस्था की जाएगी जो इन नियमों की अपेक्षाओं का अनुपालन करेगा।

(ग) हर बायलर कक्ष और प्रत्येक कक्ष में, जिसमें संपूर्ण तेल ईंधन संस्थापन या उसका भाग हो, तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त कम से कम दो सुवाह्य अग्नि शामकों की व्यवस्था की जाएगी।

(घ) आग जलाने के हर स्थान में एक ऐसे पात्र की व्यवस्था की जाएगी जिसमें पर्याप्त मात्रा में बालू या तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त अन्य सामग्री रखी होगी जिसके साथ उस पदार्थ के वितरण के लिए बेलचा भी होगा। विकल्पत: तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त एक सुवाह्य अग्नि-शामक की व्यवस्था की जाएगी।

(4) ऐसे हर पोत पर, जिसमें अन्तर्दहन नोदन मशीनरी लगी हो, मशीनरी स्थान पर:—

(क) कम से कम 45 लीटर क्षमता का अग्नि-शामक या उसके समतुल्य कार्बन डाइआक्साइड शामक।

(ख) तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त कम से कम दो सुवाह्य शामकों;

(ग) एक ऐसे पात्र की, जिसमें पर्याप्त मात्रा में बालू या तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त अन्य सूखी सामग्री रखी हो, और उस के साथ पात्र के पदार्थों के वितरण के लिए एक बेलचे;

(घ) हर 150 ब्रेक अश्वशक्ति या उसके एक भाग के लिए एक की दर से तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त सुवाह्य अग्नि-शामकों की व्यवस्था की जाएगी।

परन्तु ऐसे 3 से अन्यून किन्तु 6 से अनधिक शामकों को लगाया जाना चाहिए।

30. **500 टन से कम के वर्ग IX के पोत**:—(1) यह नियम 500 टन से कम के वर्ग IX के पोतों को लागू होता है।

(2) ऐसे हर पोत में, जिस को यह नियम लागू होता है:—

(क) एक पम्प, जिससे पोत के किसी भाग में एक शक्तिशाली जल-जेट की दिशा स्थिर की जा सके;

(ख) 3 सुवाह्य अग्नि शामकों;

(ग) 3 अग्नि बाल्टियों;

(घ) 2 अग्नि शामक रबर नलिकाओं और टोटियों;

(च) फायरमैन को एक कुल्हाड़ी; की व्यवस्था की जाएगी।

(3) ऐसे हर पोत में, जिसमें मुख्य या सहायक तेल ज्वलित बायलर या अन्तर्दहन मशीनरी लगी हो, निम्नलिखित की व्यवस्था की जाएगी,:—

(क) एक पात्र जिसमें, पर्याप्त मात्रा में बालू या तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त अन्य सामग्री रखी हो तथा उस पात्र के पदार्थों के वितरण के लिए एक बेलचा;

(ख) कम से कम 45 लीटर क्षमता का झाग अग्नि शामक या उसके समतुल्य कार्बन डाइआक्साइड शामक।

(ग) तेल-अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त झाग या अन्य द्रव्य निकालने में सक्षम कम से कम दो सुवाह्य अग्नि शामक;

(घ) जहां उप-नियम (2) में दिया गया पम्प मशीनरी स्थान में स्थित हो वहां मशीनरी स्थान के बाहर एक हस्त चालित पम्प, जिसका अपना निजी स्थायी समुद्र संबंध न हो और जो कम से कम 6 मीटर जल-जेट के प्रक्षेपण में समर्थ हो।

(च) तेल पर जल की फुहार करने के लिए एक टोटी;

(छ) अन्तर्दहन मशीनरी द्वारा नोदित हर पोत में मशीनरी स्थान पर इंजिन के प्रत्येक 150 ब्रेक अश्वशक्ति के लिए तेल अग्नि के लिए उपयुक्त एक सुवाह्य अग्नि शामक,

परन्तु ऐसे 2 से अन्यून और 4 से अनधिक शामकों को लगाया जाना चाहिए।

31. **3000 टन और उससे अधिक के वर्ग X के पोत**:—नियम 30, 3000 टन और उससे अधिक के वर्ग X के पोतों को वैसे ही लागू होता है जैसे वह 1000 टन और उससे अधिक के वर्ग IX के पोतों को लागू होता है।

31. क. **1000 टन और उससे अधिक किन्तु 3000 टन से कम के पोत**:—(1) यह नियम, 1000 टन और उससे अधिक किन्तु 3000 टन से कम के वर्ग X के पोतों को लागू होता है।

(2) (क) ऐसे हर पोत में ऐसे साधित्रों की व्यवस्था की जाएगी जिससे कि कम से कम दो शक्तिशाली जल-जेट पोत के यात्री और कर्मीदल की सामान्य पहुंच में आने वाले भाग में और किसी भण्डार कक्ष या स्थोरा स्थान तक, जब वह खाली हो, जल पहुंच सके उस पर कम से कम 3 अग्नि रबर नलिकाओं और टोंटियों की व्यवस्था की जाएगी।

(ख) हर पोत में शक्ति चालित कम से कम दो अग्नि शामक पम्पों की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक ऐसा पम्प किसी अग्नि-शामक बम्बे, रबर नलिका और टोटी से कम से कम एक जल-जेट का इस्तेमाल करने में समर्थ होना चाहिए।

(ग) हर पोत में पर्याप्त संख्या में सुवाह्य अग्नि शामकों की व्यवस्था की जाएगी जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसे शामकों में से कम से कम एक आवास और सेवा (सर्विस) स्थानों में प्रयोग के लिए तुरन्त उपलब्ध रहे। ऐसे शामकों की संख्या 5 से कम नहीं होगी। हर गैली (रसोईघर) या भोजन पकाने के स्थान के प्रवेश द्वार पर एक शामक की व्यवस्था की जाएगी।

(घ) हर पोत पर दो फायर मैन-उपकरणों की व्यवस्था की जाएगी जो नियम 44 के उपबन्धों का अनुपालन करेंगे। किसी ऐसे पोत पर रखे गए ऐसे कम से कम एक उपकरण में वायु-नली प्रकार का एक श्वसन उपकरण भी होगा।

(3) (क) ऐसे हर पोत में, जिसमें मुख्य या सहायक तेल ज्वलित बायलर या अन्तर्दहन मशीनरी नोदन लगी हो, मशीनरी स्थान में एक नियत अग्नि-शामक संस्थापन की व्यवस्था की जाएगी जो नियम 41 के उपबन्धों का अनुपालन करेगा।

(ख) ऐसे हर पोत में, जिसे यह नियम लागू होता है, ऐसे किसी स्थान पर, जहां 500 ब्रेक अश्वशक्ति से अन्यून कुल शक्ति की अन्तर्दहन प्रकार की मशीनरी लगी हो, कम से कम 45 लीटर क्षमता का एक झाग शामक अथवा उसके समतुल्य एक कार्बन डाइआक्साइड शामक की व्यवस्था की जाएगी।

(ग) हर पोत में मशीनरी स्थान में प्रत्येक 150 ब्रेक अश्वशक्ति या उसके भाग के लिए एक ऐसे सुवाह्य अग्नि-शामक की व्यवस्था की जाएगी, जो तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त हो:—

परन्तु ऐसे किसी स्थान में 3 से अन्यून और 6 से अनधिक ऐसे शामक लगाये जाने चाहिए।

(घ) ऐसे हर पोत में, जिसमें मुख्य या सहायक तेल ज्वलित बायलर या अन्तर्दहन प्रकार की मशीनरी लगी हो मशीनरी स्थान में एक बम्बे और रबर-नलिका और तेल पर जल फुहार करने के लिए उपयुक्त एक टोंटी की व्यवस्था की जाएगी।

(ङ) ऐसे हर पोत में, जिसमें मुख्य या सहायक तेल ज्वलित बायलर लगे हों, प्रत्येक बायलर कक्ष में एक ऐसे पात्र की, जिसमें पर्याप्त मात्रा में बालू या तेल-अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त अन्य सूखी सामग्री रखी हो, और उसमें रखे पदार्थों के वितरण के लिए एक बेलचे की व्यवस्था की जाएगी। विकल्पतः उसके स्थान पर एक सुवाह्य अग्नि-शामक लगाया जाएगा।

(च) ऐसे प्रत्येक अग्नि जलाने वाले स्थान या कक्ष में, जिसमें सम्पूर्ण तेल ईंधन संस्थापन या उसका भाग हो, कम से कम दो ऐसे सुवाह्य अग्नि-शामकों की व्यवस्था की जाएगी जो आग या तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त किसी द्रव्य को निकालने में समर्थ हो। उसके अतिरिक्त बायलर में लगे प्रत्येक बर्नर के लिए 9 लीटर क्षमता वाले एक सुवाह्य शामक की व्यवस्था की जाएगी।

परन्तु जहां बर्नरों की संख्या पांच से अधिक हो वहां कम से कम 45 लीटर क्षमता वाला एक झाग शामक या उसके समतुल्य कार्बन डाइ-आक्साइड शामक की व्यवस्था करना पर्याप्त होगा।

31. ख. 500 टन और उससे अधिक के किन्तु 1000 टन से कम के वर्ग X के पोत :—(1) यह नियम, 500 टन और उससे अधिक के किन्तु 1000 टन से कम के वर्ग X के पोतों को लागू होता है।

(2) (क) हर पोत पर ऐसे साधित्रों की व्यवस्था की जाएगी जिससे कि पोत के किसी भी भाग में कम से कम एक शक्ति जल-जेट की दिशा स्थिर की जा सके।

(ख) हर पोत में कम से कम दो शक्ति चालित अग्नि-शामक पम्पों की व्यवस्था की जाएगी जिसमें से एक मुख्य इंजन से चालित किया जा सकेगा।

प्रत्येक पम्प किसी अग्नि-शामक बम्बे, रबर नालिका और टोंटी से कम से कम एक जल-जेट का इस्तेमाल करने में समर्थ होना चाहिए।

(ग) ऐसे हर पोत में जिसे यह नियम लागू होता है, कम से कम चार सुवाह्य अग्नि शामकों की ऐसे स्थान पर व्यवस्था की जाएगी जिससे कि वे आवास और सेवा (सर्विस) स्थानों में प्रयोग के लिए तुरन्त उपलब्ध रहें। प्रत्येक गैली (रसोई घर) या भोजन पकाने के स्थान के प्रवेश द्वार पर एक शामक लगाया जाएगा।

(घ) ऐसे हर पोत पर, जिसे यह नियम लागू होता है, एक फायर-मैन उपकरण की व्यवस्था की जाएगी जिसके साथ वायु-नली प्रकार का श्वसन उपकरण होगा।

(3) ऐसे हर पोत में जिसमें मुख्य या सहायक तेल ज्वलित बायलर या अन्तर्दहन मशीनरी लगी हो, मशीनरी स्थान में, एक खम्भा रबर नलिका और तेल पर जल फुहार करने के लिए उपयुक्त एक टोंटी की व्यवस्था की जाएगी।

(4) (क) हर पोत में ऐसे किसी स्थान के संरक्षण के लिए, जिसमें तेल ज्वलित बायलर या तेल ईंधन यूनिट हो, रबर नलिका और टोंटियों सहित दो 45 लीटर झाग के अग्नि-शामकों की व्यवस्था की जाएगी।

(ख) हर बायलर कक्ष और प्रत्येक कक्ष में जिसमें संपूर्ण तेल ईंधन संस्थापन या उसका भाग हो, तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त कम से कम दो सुवाह्य अग्नि-शामकों की व्यवस्था की जायेगी।

(ग) हर आग जलाने के स्थान में एक ऐसे पात्र की व्यवस्था की जाएगी जिसमें पर्याप्त मात्रा में बालू या तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त अन्य सामग्री हो और उसके साथ उसके पदार्थों के वितरण के लिए एक बेलचे की भी व्यवस्था की जाएगी, विकल्पतः उस के स्थान पर तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त एक सुवाह्य अग्नि-शामक की व्यवस्था की जाएगी।

(5) (क) ऐसे हर पोत में, जिसमें अन्तर्दहन नोदन मशीनरी लगी हो, मशीनरी स्थान में कम से कम 45 लीटर क्षमता के अग्नि-शामक, की, या उसके समतुल्य कार्बन डाइआक्साइड शामक की;

(ख) तेल-अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त कम से कम दो सुवाह्य शामकों की;

(ग) एक ऐसे पात्र की, जिसमें पर्याप्त मात्रा में बालू या तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त अन्य सूखी सामग्री रखी हो और उसके साथ उस पात्र के पदार्थों के वितरण के लिए एक बेलचे की;

(घ) शक्ति के हर 150 ब्रेक अश्वशक्ति के लिए एक की दर से तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त सुवाह्य अग्नि-शामकों की; व्यवस्था की जाएगी;

परन्तु ऐसे 3 से अन्यून किन्तु 6 से अनधिक शामकों को लगाया जाना चाहिए।

31. ग. 500 टन से कम के वर्ग X के पोत :—(1) यह नियम 500 टन से कम वर्ग X के पोतों को लागू होता है।

(2) ऐसे हर पोत में जिससे यह नियम लागू होता है :—

(क) एक पम्प जिससे पोत के किसी भाग में शक्तिशाली जल-जेट की दिशा स्थिर की जा सके;

(ख) तीन सुवाह्य अग्नि शामकों;

(ग) तीन अग्नि शामक बाल्टियों;

(घ) दो अग्नि शामक रबर-नलिकाओं और टोंटियों,

(ङ) फायरमैन को एक कुल्हाड़ी ; की व्यवस्था की जाएगी।

(3) ऐसे हर पोत में जिसमें मुख्य या सहायक तेल ज्वलित बायलर या अन्तर्दहन मशीनरी लगी हो, निम्नलिखित की व्यवस्था की जाएगी :—

(क) एक ऐसा पात्र; जिसमें पर्याप्त मात्रा में बालू या तेल-अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त अन्य सामग्री रखी हो, और साथ में उस पात्र के पदार्थों के वितरण के लिए एक बेलचा;

(ख) कम से कम 45 लीटर क्षमता का एक झाग अग्नि-शामक या उसके समतुल्य कार्बन डाइआक्साइड शामक;

(ग) कम से कम दो सुवाह्य अग्नि-शामक, जो उपयुक्त झाग या तेल अग्नि बुझाने के लिए अन्य द्रव्य निकालने में समर्थ हो।

(घ) जहां मशीनरी-स्थान पर ऐसा पम्प हो जिसकी व्यवस्था उप-नियम (2) (क) के अनुसार की गई हो वहां; एक सुवाह्य डीजल इंजन चालित पम्प या हस्त चालित पम्प, जिसका अपना निजी सागर संबंधन हो जो मशीनरी स्थान के बाहर कम से कम 6 मीटर जल-जेट का प्रक्षेपण करने में समर्थ हो;

(ङ) तेल पर जल की फुहार करने के लिए एक टोंटी;

(च) प्रत्येक 150 ब्रेक अश्वशक्ति के लिए एक की दर से, तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त सुवाह्य अग्नि-शामक, परन्तु 2 से अन्यून किन्तु 4 से अनधिक शामकों को लगाया जाना चाहिए।

31. घ. वर्ग XI के पोत-500 टन और उससे अधिक के पोत :—

(1) यह नियम 500 टन और उससे अधिक के पोतों को लागू होता है।

(2) नियम 31 ख 500 टन और उससे अधिक के वर्ग XI के पोतों को वैसे ही लागू होगा जैसे वह 500 टन और उससे अधिक लेकिन 1000 टन से कम के वर्ग X के पोतों को लागू होता है।

31. ङ 150 टन और उससे अधिक किन्तु 500 टन से कम के वर्ग XI के पोत :—(1) यह नियम 150 टन और उससे अधिक किन्तु 500 टन से कम के वर्ग XI के पोतों को लागू होता है।

(2) (क) ऐसे हर पोत में कम से कम एक अग्नि शामक पम्प और टोंटी सहित अग्नि शामक रबर नलिका की व्यवस्था की जाएगी जिससे कि पोत के किसी भी भाग पर एक शक्तिशाली जल-जेट की दिशा स्थिर की जा सके;

(ख) जहां ऐसा पम्प, जिसकी व्यवस्था खण्ड (क) के अनुसार की गई है, ऐसे स्थानों के भीतर स्थित है, जहां तेल ज्वलित बायलर या अन्तर्दहन मशीनरी हो वहां, ऐसे स्थान के बाहर एक सुवाह्य डीजल चालित पम्प या हस्तचालित पम्प की रबर नलिका, और ऐसी टोंटी के साथ व्यवस्था की जाएगी जो 6 मीटर से अन्यून प्रक्षेप के जल-जेट का प्रक्षेपण करने में समर्थ हो।

(ग) ऐसे हर पोत में आवास और सेवा (सर्विस) स्थानों के संरक्षण के लिए कम से कम तीन सुवाह्य अग्नि शामकों की व्यवस्था की जाएगी।

(घ) ऐसे हर पोत में तीन अग्निशामक बाल्टियों की व्यवस्था की जाएगी।

(3) (क) ऐसे हर पोत में, जिसमें मुख्य या सहायक तेल ज्वलित बायलर या अन्तर्दहन नोदन मशीनरी लगी हो, उपनियम 2(क) में उल्लिखित अग्नि शामक रबर नलिका सहित तेल पर जल फुहार करने के लिए उपयुक्त एक टोंटी की व्यवस्था की जाएगी।

(ख) ऐसे हर पोत में, जिसमें मुख्य या सहायक तेल ज्वलित बायलर या अन्तर्दहन नोदन मशीनरी लगी हों, एक पात्र की, जिसमें पर्याप्त मात्रा में बालू या तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त अन्य सूखी सामग्री रखी होगी, और उस पात्र के पदार्थों का वितरण करने के लिए एक बेलचे की व्यवस्था की जाएगी;

(ग) ऐसे हर बॉयलर कक्ष या स्थान पर, जिसमें तेल ईंधन संस्थापन का कोई भाग हो, तेल अग्नि बुझाने के लिए कम से कम दो सुवाह्य अग्नि शामकों की व्यवस्था की जाएगी।

(घ) हर मशीनरी-स्थान में कम से कम 15 लीटर क्षमता का एक भाग शामक या उसके समतुल्य कार्बन डाइआक्साइड शामक की व्यवस्था की जाएगी।

(ङ) तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त झाग या अन्य किसी द्रव्य को निकालने में समर्थ कम से कम दो सुवाह्य शामकों की व्यवस्था की जाएगी।

31. च. 150 टन से कम के पोत :—(1) यह नियम 150 टन से कम के वर्ग XI के पोतों को लागू होता है।

(2) 150 टन से कम के वर्ग XI के हर पोत में निम्नलिखित की व्यवस्था की जाएगी :—

(क) एक अग्नि शामक पम्प और अग्नि शामक रबर नलिका और टोंटी जिससे कि शक्तिशाली जल-जेट की दिशा पोत के किसी भी भाग पर स्थिर की जा सके। ऊपर अपेक्षित अग्निशामक पम्प मुख्य इंजन द्वारा चलाया जा सकता है जहां यह मुख्य इंजन द्वारा चालित हो वहां मशीनरी स्थान के बाहर एक ऐसे उपयुक्त हस्तचालित पम्प की, जिसका अपना सागर संबंध न हो, और रबर नलिका और ऐसी टोंटी की व्यवस्था की जाएगी जो 6 मीटर से अन्यून प्रक्षेप वाला जल-जेट उत्पन्न करने मे समर्थ हो। इसके अतिरिक्त तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त जल फुहार करने के लिए एक टोंटी की व्यवस्था की जाएगी।

(ख) कम से कम दो अग्नि शामक बाल्टियों और फायरमैन की एक कुल्हाड़ी की व्यवस्था की जाएगी।

(3) ऐसे हर पोत में जिसमें मुख्य या सहायक तेल ज्वलित बायलर या अन्तर्दहन नोदन मशीनरी लगी हो :—

(क) एक पात्र, जिसमें पर्याप्त मात्रा में बालू या तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त अन्य सूखी सामग्री रखी हो, और साथ में उस पात्र के पदार्थ के वितरण के लिए एक बेलचे की,

(ख) तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त झाग या अन्य द्रव्य निकालने म समर्थ कम से कम 4 सुवाह्य अग्नि शामकों की व्यवस्था की जाएगी।

31 छ. वर्ग XII के पोत-1000 टन और उससे अधिक के वर्ग XII के पोत :—नियम 31क, 1000 टन और उससे अधिक के वर्ग XII के पोतों को वैसे ही लागू होगा जैसे वह 1000 टन और उससे अधिक के किन्तु 3000 टन से कम के वर्ग X के पोतों को लागू होता है।

31. ज. 500 टन और उससे अधिक के किन्तु 1000 टन से कम के वर्ग XII के पोत :—नियम 31 ख 500 टन और उससे अधिक के किन्तु 1000 टन से कम के वर्ग XII के पोतों को वैसे ही लागू होगा जैसे यह 500 टन और उससे अधिक के किन्तु 1000 टन से कम के वर्ग X के पोतों को लागू होता है।

31. झ. 150 टन और उससे अधिक के किन्तु 500 टन से कम के वर्ग XII के पोत :—नियम 31 ङ 150 टन और उससे अधिक के किन्तु 500 टन से कम के वर्ग XII के पोतों को वसे ही लागू होगा जैसे वह वर्ग XI के पोतों को लागू होता है।

31. ञ. 150 टन से कम के वर्ग XII के पोत :—नियम 31 च के उपबन्ध 150 टन से कम के वर्ग XII के पोतों को वैसे ही लागू होंगे जैसे वे 150 टन से कम के वर्ग XI के पोतों को लागू होते हैं।

31. ट वर्ग XIII के पोत—स्थोरा और आवास स्थान :—(1) वर्ग XIII के हर पोत में अग्नि शामक पम्पों की निम्नलिखित रूप में व्यवस्था की जाएगी—(क) 45 मीटर से कम लम्बे पोतों में एक अनाश्रित शक्ति पम्प की व्यवस्था की जाएगी। विकल्पतः शक्ति पम्प को मुख्य इंजन द्वारा चालित किया जा सकेगा किन्तु ऐसी दशा में एक हस्तचालित पम्प की व्यवस्था की जाएगी।

(ख) 45 मीटर और उससे अधिक के किन्तु 60 मीटर से कम लम्बे पोतों में एक अनाश्रित शक्ति पम्प की व्यवस्था की जाएगी;

(ग) 60 मीटर और उससे अधिक लम्बे पोतों में दो अनाश्रित शक्ति पम्पों की व्यवस्था की जाएगी।

(2) जहां अग्नि शामक पम्प मुख्य नोदन मशीनरी द्वारा चालित हो वहां मुख्य मशीनरी ऐसी होनी चाहिए जिसे नोदक शैफ्टिंग से तुरन्त वियोजित किया जा सके। यह बात ऐसे जलयान के लिए आवश्यक नहीं है जिसमें ऐसे पिच नोदन लगे हों जिन पर नियंत्रण रखा जा सकता हो।

(3) जहां हस्तचालित पम्पों की व्यवस्था की गई हो वहां पम्प, समुद्र चूषण वाल्व और चूषण नली मशीनरी स्थान के बाहर स्थित होंगी।

(4) (क) 60 मीटर के और उससे अधिक लम्बे पोतों में, जहां किसी एक कक्ष में की अग्नि ऊपर अपेक्षित शक्ति चालित पम्पों को बेकार कर सकती हो वहां एक आपाती अग्नि शामक पम्प लगाया जाएगा।

(ख) 60 मीटर से कम लम्बे पोतों में आपाती पम्प हस्तचालित पम्प हो सकता है।

(ग) हर आपाती अग्नि शामक पम्प, समुद्र चूषण वाल्व, नल और अन्य फिटिंग के, मशीनरी कक्ष के बाहर स्थित होंगे।

(5) 60 मीटर लम्बे हर पोत में एक अन्तर्राष्ट्रीय तट संबंध न लगा होगा जो प्रथम अनुसूची की अपेक्षाओं का अनुपालन करेगा।

(6) अग्नि शामक बम्बा ऐसे स्थान पर स्थित होगा कि अग्निशामक रबर नलिकाओं को उससे आसानी और शीघ्रता से जोड़ा जा सके ताकि 45 मीटर से कम लम्बे पोतों में एक जल-जेट, और 45 मीटर और उससे अधिक लम्बे पोतों में एक साथ दो जल-जेटों की दिशा पोत के किसी ऐसे भाग पर स्थित की जा सके जहां नौचालन के दौरान सामान्यतया पहुंचाया जा सकता हो। जहां केवल एक बम्बे की व्यवस्था की गई हो वहां वह ऐसे स्थान पर स्थित होगा जिससे कि ऐसा न हो कि किसी बन्द स्थान में आग लगने के समय उस तक न पहुंचा जा सके।

(7) (क) पर्याप्त संख्या में सुवाह्य अग्नि शामकों की एक व्यवस्था की जाएगी जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कम से कम एक अग्नि शामक आवास, सर्विस स्थानों और नियंत्रण स्टेशनों के किसी भी भाग में उपयोग के लिए तुरन्त उपलब्ध रहे। लम्बाई में 45 मीटर से कम लम्बे पोतों में कम से कम तीन अग्नि शामकों की और 45 मीटर से अधिक लम्बे पोतों में कम से कम तीन पांच शामकों की व्यवस्था की जाएगी।

(ख) प्रत्येक गैली या रसोई पकाने के स्थान के प्रवेश द्वार पर कम से कम एक अग्नि शामक की व्यवस्था की जाएगी।

(8) 45 मीटर और उससे अधिक लम्बे पोतों में ऐसे दो फायरमैन उपकरणों की व्यवस्था की जाएगी जिनसे इन नियमों के उपबन्धों का अनुपालन होता हो।

(9) हर पोत पर फायरमैन की कम से कम एक कुल्हाड़ी होगी।

(10) (क) 45 मीटर और उससे अधिक लम्बे हर पोत में जहां मुख्य या सहायक तेल ज्वलित बायलर स्थित हो या उन स्थानों में जहां तेल ईंधन यूनिटें या निसादन टंकियां स्थित हों, एक नियत अग्नि शामक संस्थापन की व्यवस्था की जाएगी जो इन नियमों का अनुपालन करता हो।

(ख) उपरोक्त के अतिरिक्त, प्रत्येक बायलर कक्ष में और प्रत्येक ऐसे स्थान में जहां किसी तेल ईंधन संस्थापन का कोई भाग हो, तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त कम से कम दो सुवाह्य अग्नि शामकों की व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त बायलर के प्रत्येक बर्नर के लिए एक शामक की व्यवस्था की जाएगी : सात से अधिक शामकों की व्यवस्था करने की आवश्यकता नहीं है।

(ग) आग जलाने के प्रत्येक स्थान में एक ऐसे पात्र की, जिसमें बालू या तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त अन्य सूखी सामग्री हो और साथ ही उस के वितरण के लिए एक बेलचे की, या विकल्पतः तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त एक अतिरिक्त सुवाह्य अग्नि शामक की, व्यवस्था की जाएगी।

11. (क) जहां 1000 ब्रेक अश्वशक्ति से अन्यून कुल शक्ति की अन्तर्दहन प्रकार की मशीनरी का प्रयोग मुख्य नोदन या सहायक प्रयोजनों के लिए होता हो वहां 45 मीटर और उससे अधिक लम्बे हर जलयान में एक ऐसे अग्नि शामक संस्थापन की व्यवस्था की जाएगी जिनसे इन नियमों की अपेक्षाओं का अनुपालन होता हो।

(ख) हर मशीनरी स्थान में 45 लीटर क्षमता से अन्यून या उसके समतुल्य एक झाग किस्म के शामक की व्यवस्था की जाएगी।

(ग) प्रत्येक 100 ब्रेक अश्वशक्ति या उसके भाग के लिए एक अनुमोदित सुवाह्य झाग शामक की व्यवस्था की जाएगी ऐसे दो से अन्यून किन्तु 6 से अनधिक शामकों को लगाया जाना चाहिए।

(घ) ऐसे पोतों में जो मुख्यतः काष्ठ या कांच प्रबलित प्लास्टिक से बने हों और जिनमें तेल ज्वलित बायलर या अन्तर्दहन मशीनरी लगी हो और मशीनरी स्थान तक के सारे रास्ते पर डेक हो, एक नियत आग बुझाने की प्रणाली की व्यवस्था की जाएगी। मशीनरी के नीचे और जहां कहीं आवश्यक हो वहां निगल (बिलय) में तेल का क्षरण रोकने के लिये क्षरण पात्र (ड्रिप ट्रे) लगाये जाएंगे।

(ङ) कुल 1000 ब्रेक अश्वशक्ति से कम शक्ति वाले पोतों में तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त कम से कम 45 लीटर के झाग शामक या समतुल्य शामक की व्यवस्था की जाएगी।

31. ठ. वर्ग XIV के पोत :—(1) यह नियम 150 टन और उससे अधिक के किन्तु 500 टन से कम के पोतों को लागू होता है।

(2) नियम 31 छ के उपबन्ध 150 टन और उससे अधिक के किन्तु 500 टन से कम के पोतों को वैसे ही लागू होंगे जैसे वे 150 टन और उससे अधिक के किन्तु 500 टन से कम के वर्ग XI के पोतों को लागू होते हैं।

(3) नियम 31च के उपबन्ध, 150 टन से कम के पोतों को वैसे ही लागू होंगे जैसे वे 150 टन से कम के वर्ग XI के पोतों को लागू होते हैं।

31. ड. वर्ग XV के पोत :—(1) नियम 31ङ 150 टन और उससे अधिक के वर्ग XV के पोतों को वैसे ही लागू होगा जैसे वह 150 टन और उससे अधिक के किन्तु 500 टन से कम के वर्ग XI के पोतों को लागू होता है।

(2) (क) 150 टन से कम के और 24 मीटर या उससे अधिक लम्बे वर्ग XV के हर पोत में ऐसे साधित्रों की व्यवस्था की जाएगी जिनसे कि कम से कम एक जल-जेट पोत के ऐसे किसी भाग में, जहां तक यात्री या कर्मीदल साधारणतया पहुंच सकते हों और किसी भण्डार गृह और किसी स्थोरा स्थल के किसी भाग में, जब वह खाली हो, तब पहुंच सके।

(ख) ऐसे हर पोत में कम से कम एक ऐसे शक्ति चालित अग्नि शामक पम्प की व्यवस्था की जाएगी जो मुख्य इंजन द्वारा चलाया जा सके।

(ग) ऐसे हर पोत में जिसमें अन्तर्दहन नोदन मशीनरी लगी हो, यदि उपरोक्त पम्प और उसका शक्ति स्रोत मशीनरी स्थान के बाहर स्थित नहीं है तो, मशीनरी स्थान के बाहर एक अतिरिक्त अग्नि शामक पम्प की व्यवस्था की जाएगी जिसका अपना शक्ति-स्रोत और सागर संबंध न होगा। यह पम्प हस्तचालित या डीजल चालित सुवाह्य हो सकता है और उस पर 8 मीटर व्यास की टोटी की व्यवस्था की जाएगी और वह कम से कम 6 मीटर का जल-जेट उत्पन्न करने से सक्षम होगा। हर पोत में अग्नि शामक रबर नलिका के साथ प्रयोग में लाए जाने के लिए एक फुहार टोटी की व्यवस्था की जाएगी।

(घ) 150 टन से कम के और 24 मीटर से कम लम्बे वर्ग XV के हर पोत में मशीनरी स्थान के बाहर किसी स्थिति में एक हस्तचालित पम्प की और एक स्थायी समुद्र संबंधन की और कम से कम 6 मि० मीटर व्यास की ऐसी टोटी सहित एक अग्नि शामक रबर नलिका की

व्यवस्था की जाएगी जो कम से कम 6 मीटर तक की प्रक्षेपण करने वाला एक जल-जेट उत्पन्न कर सके। इसके अतिरिक्त एक फुहार टोटी की भी व्यवस्था की जाएगी।

(ङ) 150 टन के नीचे के वर्ग XV के हर पोत में निम्नलिखित मापमान के अनुसार सुवाह्य शामकों या अग्नि शामक बाल्टियों की व्यवस्था की जाएगी।

पोत की लम्बाई मीटरों में	शामकों या बाल्टियों की न्यूनतम संख्या
24 मी० से कम	2
24 मी० से अथवा उससे अधिक	3

जहां अग्नि शामक बाल्टियों की व्यवस्था की गई हो वहां कम से कम एक लैनयार्ड के साथ लगी होगी।

(च) 150 टन से कम के हर पोत में मशीनरी स्थान पर, तेल अग्नि बुझाने के लिए उपयुक्त, दो सुवाह्य अग्नि शामकों की व्यवस्था की जाएगी।

(ज) 150 टन से कम के हर पोत में जो 24 मी० या उससे अधिक लंबा और पूरे डेक की जलयान हो एक फायर-मैन की कुल्हाड़ी की व्यवस्था की जाएगी।

9. उक्त नियमों की चतुर्थ अनुसूची में पैरा 2 के पश्चात् निम्नलिखित पैरे अन्तःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :—

"2. क. हर फायरमैन उपकरण के साथ निम्नलिखित कार्मिक उपकरण होंगे; अर्थात् :—

(i) संरक्षक वस्त्र, जो अग्नि से विकरणकारी ताप और जलन-व्रण तथा वाष्प-वहन से त्वचा की रक्षा करने वाले पदार्थ का हो। उसकी बाहरी सतह जल रोधी होनी चाहिए।

(ii) रबड़ या अन्य विद्युत असंवाहक पदार्थ के बूट और दस्ताने।

(iii) संघट्टन से प्रभावकर संरक्षण देने वाला हेल्मेट।

(iv) कम से कम 3 घंटे तक जल सकने वाला अनुमोदित प्रकार का विद्युत सुरक्षा लैंप।

(v) कुल्हाड़ी जिस में रोधी हत्था लगा हो।"

[सं० 5-एम०एस०आर०(2)/74-एम०ए०/नौ० 4-1]

श्रीमती बी० निर्मल, अवर सचिव

MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT

(Transport Wing)

New Delhi, the 27th August, 1977

(MERCHANT SHIPPING)

G.S.R. 1223.—In exercise of the powers conferred by section 289 read with clause (b) of sub-section (2) of Section 458 of the Merchant Shipping Act, 1958 (44 of 1958), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Merchant Shipping (Fire Appliances) Rules, 1969, namely :—

1. (1) These rules may be called the Merchant Shipping (Fire Appliances) Amendment Rules, 1977.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Merchant Shipping (Fire Appliances) Rules, 1969, (hereinafter referred to as the said rules), for rule 3, the following rule shall be substituted, namely :—

"3. Classification of ships.—For the purposes of these rules, ships shall be classified as follows, namely :—

Class I.—Passenger ships engaged on international voyages other than the ships of Class III.

Class II.—Passenger ships engaged on short international voyages other than the ships of Class IV.

Class III.—Special Trade Passenger ships engaged on international voyages.

Class IV.—Special Trade Passenger ships engaged on short international voyages.

Class V.—Special Trade Passenger ships (other than the ships of Class VI and Class VII) engaged on voyages other than international voyages.

Class VI.—Special Trade Passenger ships engaged on voyages in the coasting trade of India during the course of which they do not go more than 20 miles from the nearest land.

Class VII.—Special Trade Passenger ships engaged on voyages in fair weather season between ports in India during the course of which they do not go more than 5 miles from the nearest land.

Class VIII.—Cargo ships engaged on international voyages.

Class IX.—Cargo ships (other than the ships of Class X) engaged on voyages other than international voyages.

Class X.—Cargo ships engaged on the coasting trade of India (other than the ships of Class IX) during the course of which they do not go more than 20 miles from the nearest land.

Class XI.—Cargo ships engaged on voyages during the fair weather season between ports in India during the course of which they do not go more than 5 miles from the nearest land.

Class XII.—Tugs tenders, launches, lighters, dredgers, barges and hopers which go to sea.

Class XIII.—Fishing vessels other than those of Class XIV.

Class XIV.—Sailing Vessels including sailing fishing vessels.

Class XV.—Pleasure Yachts.

Explanation.—A ship of Class VI, or as the case may be, of Class X shall not cease to be a ship of the respective class merely for the rason that during its voyage it crosses the Gulf of Kutch, Cambay and Mannar."

3. For rule 12 of the said rules, the following rule shall be substituted, namely :—

"12. Water pipes, Hydrants and fire hoses.—Every ship of Class I shall be provided with such number of water service pipes, hydrants and hoses as in the opinion of the Central Government, would be adequate for maintaining supply of water for rapid and simultaneous operation of atleast two fire hoses, not emanating from the same hydrant, for the projection of two powerful jets of water capable of reaching any part of the ship accessible to passengers and crew while the ship is en-route."

4. For rule 14 of the said rules, the following rule shall be substituted, namely :—

"14. Firemen's outfit.—Every ship of Class I shall carry,—

(a) (1) 2 firemen's outfit; and in addition

(2) for every 80 metres or part thereof the aggregate of the length of all passenger spaces and service spaces on the deck which carries such spaces or if there is more than one such deck, on the deck which has a largest aggregate of such lengths, two firemen's outfit and two sets of personnel equipment;

(b) for each firemen's outfit which includes a self-contained breathing apparatus, one spare charge for each such apparatus;

(c) fireman's outfit and sets of personnel equipment in widely separate positions ready for use at all times atleast two firemen's outfit and one set of personnel equipment at any one position."

5. After rule 16 of the said rules, the following rules shall be inserted, namely :—

"16A. Passenger and Crew Spaces.—(1) Every ship of Class VI shall be provided with appliances whereby a powerful jet of water can be rapidly directed upon any part of the passenger and crew spaces.

(2) Every such ship shall be provided with atleast one portable fluid fire extinguisher in each of the passenger spaces above the upper deck and with atleast two extinguisher in each of the crew spaces and passengers spaces below that deck.

(3) There shall be provided one portable fire extinguisher in each galley space.

16B. Cargo Spaces and Store Rooms.—Every ship of Class VI shall be provided with appliances whereby a powerful jet of water can be rapidly directed into any part of any cargo space or store room when empty.

16C. Machinery Spaces, etc.—(1) Every ship of Class VI shall be provided with appliances whereby a powerful jet of water can be rapidly directed into any part of the bunker spaces, boiler rooms and engine rooms.

(2) Every ship of Class VI fitted with oil-fired boilers or internal combustion propelling machinery shall be provided in the machinery spaces with atleast one fire hydrant and fire hose with a nozzle suitable for spraying water on oil.

16D. Machinery Spaces of Ships fitted with main or auxiliary oil-fired boilers or oil fuel units.—(1) Every ship of Class VI fitted with main or auxiliary oil fired boilers or oil fuel units shall be provided in the space containing these a receptacle which shall contain an adequate quantity of sand, or other dry material suitable for quenching oil fires. Scoops shall be provided for distributing the contents of the receptacle.

(2) Two portable fire extinguishers, capable of discharging froth or another substance suitable for quenching oil fires, shall be provided in the boiler room of every such ship and in each machinery space therein which contains any part of any oil fuel unit.

(3) A fixed fire extinguishing installation complying with the provisions of rule 39.

(4) Two foam fire extinguishers of atleast 45 litres capacity shall be provided in the machinery space of every such ship or equivalent carbon dioxide extinguishers.

16E. Engine rooms : Motor Ships.—(1) Every ship of Class VI propelled by internal combustion machinery shall be provided in each machinery compartment with atleast :—

(a) two foam fire extinguisher of atleast 45 litres capacity or a carbon dioxide fire extinguisher of equivalent capacity;

(b) one portable foam fire extinguisher for each 1000 B.H.P. or fraction thereof of the said machinery, but in no event less than 2 such extinguishers :

Provided that not more than 6 such extinguishers shall be required in any ship.

